## Hindi

| | |
|---|---|
| **Group Number :** | 13 |
| **Group Id :** | 2268958211 |
| **Group Maximum Duration :** | 60 |
| **Group Minimum Duration :** | 60 |
| **Show Attended Group? :** | No |
| **Edit Attended Group? :** | No |
| **Break time :** | 0 |
| **Group Marks :** | 250 |

## Hindi

| | |
|---|---|
| **Section Id :** | 22689513790 |
| **Section Number :** | 1 |
| **Section type :** | Online |
| **Mandatory or Optional :** | Mandatory |
| **Number of Questions :** | 41 |
| **Number of Questions to be attempted :** | 41 |
| **Section Marks :** | 250 |
| **Maximum Instruction Time :** | 0 |
| **Sub-Section Number :** | 1 |
| **Sub-Section Id :** | 22689527359 |
| **Question Shuffling Allowed :** | No |

**Question Id : 226895668126 Question Type : COMPREHENSION Sub Question Shuffling Allowed : Yes Group Comprehension Questions : No Question Pattern Type : NonMatrix**
**Question Numbers : (586 to 589)**

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उस पर आधारित अगले चार प्रश्नों के उत्तर दीजिये -**

जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए शिक्षा बहुत महत्वपूर्ण उपकरण है । यह जीवन के कठिन समय में चुनौतियों का सामना करने का मार्ग प्रशस्त करती है । शिक्षण-प्रक्रिया के दौरान प्राप्त किया गया ज्ञान प्रत्येक व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाता है । शिक्षा जीवन में बेहतर संभावनाओं को प्राप्त करने के अवसरों के लिए विभिन्न दरवाजे खोलती है । ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा बहुत से जागरुकता अभियान चलाये जा रहे हैं, जिससे सभी व्यक्तियों में समानता की भावना लाई जा सके तथा देश को विकास के पथ पर आगे ले जाया जा सके । आज के वैज्ञानिक एवं तकनीकी युग में शिक्षा की अहम भूमिका है । आजकल शिक्षा के स्तर को आगे बढ़ाने के लिए बहुत तरीके अपनाए जा रहे हैं । शिक्षा का पूरा तंत्र अब बदल गया है । आज १२वीं कक्षा के बाद दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रम के माध्यम से नौकरी करते हुए कोई भी पढ़ाई कर सकता है । दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से हम आसानी से किसी भी बड़े और प्रसिद्ध विश्वविद्यालय में बहुत कम शुल्क पर प्रवेश ले सकते हैं । इसके अलावा अनेक छोटे-छोटे संस्थान भी विभिन्न कौशलों को विकसित करने वाले लघु अवधीय कौशलपरक पाठ्यक्रम चला रहे हैं । इन कौशलों में दक्षता प्राप्त कर व्यक्ति कम समय में ही अपने पैरों पर खड़ा हो सकता है ।

**Sub questions**

**Question Number : 586 Question Id : 226895668127 Question Type : MCQ Option Shuffling : No Display Question Number : Yes Is Question Mandatory : No**

**Correct Marks : 5 Wrong Marks : 1**

गद्यांश के अनुसार जीवन में सफलता का अत्यंत महत्वपूर्ण उपकरण है -

1. नैतिकता
2. परिश्रम
3. शिक्षा
4. अनुशासन

**Options :**
2268952590278. 1
2268952590279. 2
2268952590280. 3
2268952590281. 4

**Question Number : 587 Question Id : 226895668128 Question Type : MCQ Option Shuffling : No Display Question Number : Yes Is Question Mandatory : No**
**Correct Marks : 5 Wrong Marks : 1**

ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार द्वारा शिक्षा को कैसे बढ़ावा दिया जा रहा है ?

1. विद्यालय खोलकर
2. जागरुकता अभियान चलाकर
3. रोजगार के अवसर देकर
4. दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से

**Options :**
2268952590282. 1
2268952590283. 2
2268952590284. 3
2268952590285. 4

**Question Number : 588 Question Id : 226895668129 Question Type : MCQ Option Shuffling : No Display Question Number : Yes Is Question Mandatory : No**
**Correct Marks : 5 Wrong Marks : 1**

गद्यांश के अनुसार आज का युग किस प्रकार का है?

1. चुनौतियों से भरा
2. आधुनिक युग
3. वैज्ञानिक और तकनीकी युग
4. प्राचीन युग

**Options :**
2268952590286. 1
2268952590287. 2
2268952590288. 3
2268952590289. 4

**Question Number : 589 Question Id : 226895668130 Question Type : MCQ Option Shuffling : No Display Question Number : Yes Is Question Mandatory : No**
**Correct Marks : 5 Wrong Marks : 1**

गद्यांश में प्रयुक्त 'अपने पैरों पर खड़ा होना' वाक्यांश का क्या अर्थ है?

1. कौशलपरक शिक्षा प्राप्त कर लेना
2. दूरस्थ शिक्षा का लाभ उठाना
3. विज्ञान और तकनीक से जुड़ना
4. आत्मनिर्भर बनना

**Options :**
2268952590290. 1
2268952590291. 2
2268952590292. 3
2268952590293. 4

| | |
|---|---|
| **Sub-Section Number :** | 2 |
| **Sub-Section Id :** | 22689527360 |
| **Question Shuffling Allowed :** | No |

**Question Id : 226895668131 Question Type : COMPREHENSION Sub Question Shuffling Allowed : Yes Group Comprehension Questions : No Question Pattern Type : NonMatrix**
**Question Numbers : (590 to 593)**

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उस पर आधारित अगले चार प्रश्नों के उत्तर दीजिये -**

नाटक की तरह एकांकी में चरित्र अधिक नहीं होते। यहाँ पांच-छह से अधिक चरित्र नहीं होते । चरित्रों में भी केवल नायक की प्रधानता रहती है, अन्य चरित्र उसके व्यक्तित्व को अग्रसर करते हैं । यहाँ प्रतिनायक की कल्पना सामान्यतः नहीं रहती। नायक स्वयं अपने उत्थान-पतन के लिए उत्तरदायी है । एकांकी में विदूषक की कल्पना नहीं की जाती, क्योंकि एकांकी की कथावस्तु में इसके लिए स्थान ही नहीं होता । हास्य, व्यंग्य और विनोद का काम उसके चरित्रों के संवादों से ही चल जाता है । एकांकी के चरित्र को सजीव, व्यक्तिवादी और प्रभावशाली होना चाहिए । यहाँ चरित्र एक ऐसा बिंदु है, जो अपने चारों ओर वृत्त या घेरा बनाता जाता है । अतएव, घटनाओं के उत्थान-पतन की कोई आवश्यकता नहीं पड़ती। चरित्र का निर्माण उसके संस्कार, मनोविज्ञान और वातावरण के अनुसार होता है । प्राचीन नाटकों की तरह यहाँ नायक या पात्रों का कोई बना-बनाया साँचा नहीं होता । नायक के लिए सर्वगुणसंपन्न होना भी आवश्यक नहीं । वह तो एक साधारण व्यक्ति है, जो साधारण लोगों की तरह सुख-दुःख के बीच जीवन बिताता है । अधिकतर एकांकियों में चरित्र की मानसिक स्थिति द्वंद्वात्मक होती है । उसे अंतर्द्वन्द्व और बाह्यद्वंद्व से संघर्ष करता हुआ दिखाया जाता है ।

**Sub questions**

**Question Number : 590 Question Id : 226895668132 Question Type : MCQ Option Shuffling : No Display Question Number : Yes Is Question Mandatory : No**
**Correct Marks : 5 Wrong Marks : 1**

'कल्पना' शब्द में संज्ञा का भेद बताइये.

1. व्यक्तिवाचक
2. पुरुषवाचक
3. जातिवाचक
4. भाववाचक

**Options :**
2268952590294. 1
2268952590295. 2
2268952590296. 3
2268952590297. 4

**Question Number : 591 Question Id : 226895668133 Question Type : MCQ Option Shuffling : No Display Question Number : Yes Is Question Mandatory : No**
**Correct Marks : 5 Wrong Marks : 1**

गद्यांश के अनुसार कौन सी विशेषता एकांकी के चरित्र से सम्बंधित नहीं है ?

1. सजीव
2. व्यक्तिवादी
3. प्रभावशाली
4. सर्वगुणसंपन्न

**Options :**
2268952590298. 1
2268952590299. 2
2268952590300. 3
2268952590301. 4

**Question Number : 592 Question Id : 226895668134 Question Type : MCQ Option Shuffling : No Display Question Number : Yes Is Question Mandatory : No**
**Correct Marks : 5 Wrong Marks : 1**

एकांकी की कथावस्तु में किसके लिए स्थान नहीं रहता है ?

1. नायक
2. नायिका
3. विदूषक
4. सह चरित्र

**Options :**
2268952590302. 1
2268952590303. 2
2268952590304. 3
2268952590305. 4

**Question Number : 593 Question Id : 226895668135 Question Type : MCQ Option Shuffling : No Display Question Number : Yes Is Question Mandatory : No**
**Correct Marks : 5 Wrong Marks : 1**

गद्यांश के अनुसार चरित्र निर्माण के लिए इनमें से क्या आवश्यक नहीं है ?

1. संस्कार
2. मनोविज्ञान
3. वातावरण
4. घटनाओं का उत्थान-पतन

**Options :**
2268952590306. 1
2268952590307. 2
2268952590308. 3
2268952590309. 4

| | |
|---|---|
| **Sub-Section Number :** | 3 |
| **Sub-Section Id :** | 22689527361 |
| **Question Shuffling Allowed :** | No |

**Question Id : 226895668136 Question Type : COMPREHENSION Sub Question Shuffling Allowed : Yes Group Comprehension Questions : No Question Pattern Type : NonMatrix**
**Question Numbers : (594 to 597)**

**निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर उस पर आधारित अगले चार प्रश्नों के उत्तर दीजिये -**

बार-बार आती है मुझको मधुर याद बचपन तेरी ।

गया ले गया तू जीवन की सबसे मस्त खुशी मेरी ।

चिंता रहित खेलना-खाना वह फिरना निर्भय स्वच्छंद ।

कैसे भूला जा सकता है बचपन का अतुलित आनंद ?

ऊंच-नीच का ज्ञान नहीं था छुआ-छूत किसने जानी ?

बनी हुई थी वहां झोंपड़ी और चीथड़ों में रानी ।

रोना और मचल जाना भी क्या आनंद दिखाते थे ।

बड़े-बड़े मोती से आँसू जयमाला पहनाते थे ।

वह सुख का साम्राज्य छोड़कर मैं मतवाली बड़ी हुई ।

लुटी हुई, कुछ ठगी हुई-सी दौड़ द्वार पर खड़ी हुई ।

**Sub questions**

**Question Number : 594 Question Id : 226895668137 Question Type : MCQ Option Shuffling : No Display Question Number : Yes Is Question Mandatory : No**
**Correct Marks : 5 Wrong Marks : 1**

उपर्युक्त पंक्तियों में कवयित्री जीवन की सबसे अच्छी खुशियों को ले जाने का उत्तरदायी किसे मानती है ?

1. चिंता
2. युवावस्था
3. बचपन
4. जीवन संघर्ष

**Options :**
2268952590310. 1
2268952590311. 2
2268952590312. 3
2268952590313. 4

**Question Number : 595 Question Id : 226895668138 Question Type : MCQ Option Shuffling : No Display Question Number : Yes Is Question Mandatory : No**
**Correct Marks : 5 Wrong Marks : 1**

कवयित्री ने बचपन के अतुलित आनंद के रूप में इनमें से किसे याद नहीं किया है ?

1. चिंता मुक्त क्रीड़ा
2. निर्भय स्वच्छंद विचरण
3. ऊंच-नीच का भेद ज्ञान
4. अभाव में दुःख की अनुभूति

**Options :**
2268952590314. 1
2268952590315. 2
2268952590316. 3
2268952590317. 4

**Question Number : 596 Question Id : 226895668139 Question Type : MCQ Option Shuffling : No Display Question Number : Yes Is Question Mandatory : No**
**Correct Marks : 5 Wrong Marks : 1**

'छुआ-छूत' में कौन सा समास है ?

1. द्विगु
2. द्वंद्व
3. कर्मधारय
4. अव्ययी भाव

**Options :**
2268952590318. 1
2268952590319. 2
2268952590320. 3
2268952590321. 4

**Question Number : 597 Question Id : 226895668140 Question Type : MCQ Option Shuffling : No Display Question Number : Yes Is Question Mandatory : No**
**Correct Marks : 5 Wrong Marks : 1**

उपर्युक्त पद्यांश का इनमें से सर्वाधिक उचित शीर्षक होगा -

1. मेरा बचपन
2. बीता हुआ समय
3. मेरी स्मृतियाँ
4. जीवन का आनंद

**Options :**
2268952590322. 1
2268952590323. 2
2268952590324. 3
2268952590325. 4

| | |
|---|---|
| **Sub-Section Number :** | 4 |
| **Sub-Section Id :** | 22689527362 |
| **Question Shuffling Allowed :** | Yes |

**Question Number : 598 Question Id : 226895668141 Question Type : MCQ Option Shuffling : No Display Question Number : Yes Is Question Mandatory : No**
**Correct Marks : 5 Wrong Marks : 1**

'अपना उल्लू सीधा करना' मुहावरे का अर्थ है -

1. धूर्तता करना
2. अपना काम निकालना
3. किसी को ठगना
4. अपनी बड़ाई स्वयं करना

**Options :**
2268952590326. 1
2268952590327. 2
2268952590328. 3
2268952590329. 4

**Question Number : 599 Question Id : 226895668142 Question Type : MCQ Option Shuffling : No Display Question Number : Yes Is Question Mandatory : No**
**Correct Marks : 5 Wrong Marks : 1**

'अपराधी सदैव सशंकित रहता है ।' - इस अर्थ के लिए इनमें से कौन सी लोकोक्ति उपयुक्त है?

1. चोरी का माल मोरी में ।
2. चोर-चोर मौसेरे भाई ।
3. चोर की दाढ़ी में तिनका ।
4. चोर साहू से कहे जागते रहो ।

**Options :**
2268952590330. 1
2268952590331. 2
2268952590332. 3
2268952590333. 4

**Question Number : 600 Question Id : 226895668143 Question Type : MCQ Option Shuffling : No Display Question Number : Yes Is Question Mandatory : No**
**Correct Marks : 5 Wrong Marks : 1**

निम्नलिखित में से 'प्र' उपसर्ग से निर्मित शब्द नहीं हैं -

(A) प्रकाश

(B) प्रतिकूल

(C) प्रख्यात

(D) प्रत्यक्ष

(E) प्रबल

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही** उत्तर चुनें :

1. केवल (B) , (C) और (D)
2. केवल (A) और (C)
3. केवल (B) और (C)
4. केवल (B) और (D)

**Options :**
2268952590334. 1
2268952590335. 2
2268952590336. 3
2268952590337. 4

**Question Number : 601 Question Id : 226895668144 Question Type : MCQ Option Shuffling : No Display Question Number : Yes Is Question Mandatory : No**
**Correct Marks : 5 Wrong Marks : 1**

इनमें से कौन सा शब्द 'ई' प्रत्यय से निर्मित नहीं है -

(A) खुजली

(B) हरियाली

(C) सरकारी

(D) हलवाई

(E) अंगूठी

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही** उत्तर चुनें :

1. केवल (A) और (B)
2. केवल (A), (B) और (C)
3. केवल (C) और (D)
4. केवल (D) और (E)

**Options :**
2268952590338. 1
2268952590339. 2
2268952590340. 3
2268952590341. 4

**Question Number : 602 Question Id : 226895668145 Question Type : MCQ Option Shuffling : No Display Question Number : Yes Is Question Mandatory : No**
**Correct Marks : 5 Wrong Marks : 1**

निम्नलिखित शब्दों में से गुणवाचक विशेषण का उदाहरण नहीं हैं -

(A) वर्तमान

(B) भारतीय

(C) सुनहरा

(D) तीसरा

(E) बहुत

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही** उत्तर चुनें :

1. केवल (A), (B) और (D)
2. केवल (B), (C) और (D)
3. केवल (C) और (D)
4. केवल (D) और (E)

**Options :**
2268952590342. 1
2268952590343. 2
2268952590344. 3
2268952590345. 4

**Question Number : 603 Question Id : 226895668146 Question Type : MCQ Option Shuffling : No Display Question Number : Yes Is Question Mandatory : No**
**Correct Marks : 5 Wrong Marks : 1**

'सूनी जगह में भय लगता ही है।' वाक्य में विशेष्य की पहचान कीजिये -

1. सूनी
2. जगह
3. भय
4. लगता

**Options :**
2268952590346. 1
2268952590347. 2
2268952590348. 3
2268952590349. 4

**Question Number : 604 Question Id : 226895668147 Question Type : MCQ Option Shuffling : No Display Question Number : Yes Is Question Mandatory : No**
**Correct Marks : 5 Wrong Marks : 1**

'जलज' शब्द का एक अर्थ नहीं है –

1. अमृत
2. मोती
3. चन्द्रमा
4. कमल

**Options :**
2268952590350. 1
2268952590351. 2
2268952590352. 3
2268952590353. 4

**Question Number : 605 Question Id : 226895668148 Question Type : MCQ Option Shuffling : No Display Question Number : Yes Is Question Mandatory : No**
**Correct Marks : 5 Wrong Marks : 1**

'मेरी घड़ी खो गयी।' - वाक्य में कौन सा कारक है ?

1. कर्म कारक
2. सम्बन्ध कारक
3. करण कारक
4. सम्प्रदान कारक

**Options :**
2268952590354. 1
2268952590355. 2
2268952590356. 3
2268952590357. 4

**Question Number : 606 Question Id : 226895668149 Question Type : MCQ Option Shuffling : No Display Question Number : Yes Is Question Mandatory : No**
**Correct Marks : 5 Wrong Marks : 1**

निम्नलिखित में से सकर्मक क्रिया का उदाहरण नहीं है -

(A) वह तुम्हें लजा रही है ।

(B) मैं घड़ा भरता हूँ ।

(C) गाड़ी चली ।

(D) विपदा मुझे डराती है ।

(E) चुनमुन रोता है ।

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही** उत्तर चुनें :

1. केवल (A) और (B)
2. केवल (B) और (C)
3. केवल (D) और (E)
4. केवल (C) और (E)

**Options :**
2268952590358. 1
2268952590359. 2
2268952590360. 3
2268952590361. 4

**Question Number : 607 Question Id : 226895668150 Question Type : MCQ Option Shuffling : No Display Question Number : Yes Is Question Mandatory : No**
**Correct Marks : 5 Wrong Marks : 1**

'चर' शब्द का समानार्थी नहीं है –

1. जासूस
2. पुराना
3. दूत
4. नौकर

**Options :**
2268952590362. 1
2268952590363. 2
2268952590364. 3
2268952590365. 4

**Question Number : 608 Question Id : 226895668151 Question Type : MCQ Option Shuffling : No Display Question Number : Yes Is Question Mandatory : No**
**Correct Marks : 5 Wrong Marks : 1**

'मैं अभी- अभी आया हूँ ' वाक्य में अव्यय का कौन सा भेद है?

1. स्थितिसूचक
2. स्थानवाचक
3. कालवाचक
4. रीतिवाचक

**Options :**
2268952590366. 1
2268952590367. 2
2268952590368. 3
2268952590369. 4

**Question Number : 609 Question Id : 226895668152 Question Type : MCQ Option Shuffling : No Display Question Number : Yes Is Question Mandatory : No**
**Correct Marks : 5 Wrong Marks : 1**

**सूची-I** को **सूची-II** से सुमेलित कीजिए :

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| **संधि भेद** | **उदाहरण** |
| (A) दीर्घ संधि | (I) महा + इंद्र = महेन्द्र |
| (B) गुण संधि | (II) मही + इन्द्र = महीन्द्र |
| (C) यण् संधि | (III) शे + अन = शयन |
| (D) अयादि संधि | (IV) अनु + अय = अन्वय |

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही** उत्तर चुनिए :

1. (A) - (I), (B) - (II), (C) - (III), (D) - (IV)
2. (A) - (II), (B) - (I), (C) - (IV), (D) - (III)
3. (A) - (III), (B) - (II), (C) - (I), (D) - (IV)
4. (A) - (IV), (B) - (II), (C) - (III), (D) - (I)

**Options :**
2268952590370. 1
2268952590371. 2
2268952590372. 3
2268952590373. 4

**Question Number : 610 Question Id : 226895668153 Question Type : MCQ Option Shuffling : No Display Question Number : Yes Is Question Mandatory : No**
**Correct Marks : 5 Wrong Marks : 1**

'अत्युत्तम' का सही संधि विच्छेद है ?

1. अत्य + उत्तम
2. अत्या + उत्तम
3. अति + उत्तम
4. अती + उत्तम

**Options :**
2268952590374. 1
2268952590375. 2
2268952590376. 3
2268952590377. 4

**Question Number : 611 Question Id : 226895668154 Question Type : MCQ Option Shuffling : No Display Question Number : Yes Is Question Mandatory : No**
**Correct Marks : 5 Wrong Marks : 1**

"मूक होइ बाचाल, पंगु चढ़इ गिरि बर गहन ।

जासु कृपाँ सो दयालु, द्रवउ सकल कलि मल दहन ।"

उपर्युक्त पंक्तियों में कौन सा छंद है ?

1. दोहा
2. सोरठा
3. छप्पय
4. चौपाई

**Options :**
2268952590378. 1
2268952590379. 2
2268952590380. 3
2268952590381. 4

**Question Number : 612 Question Id : 226895668155 Question Type : MCQ Option Shuffling : No Display Question Number : Yes Is Question Mandatory : No**
**Correct Marks : 5 Wrong Marks : 1**

**सूची-I** को **सूची-II** से सुमेलित कीजिए :

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| **शब्द** | **समास** |
| (A) चिड़ीमार | (I) तत्पुरुष |
| (B) परोक्ष | (II) अव्ययीभाव |
| (C) आजकल | (III) बहुब्रीहि |
| (D) कमलनेत्र | (IV) द्वंद्व |

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही** उत्तर चुनिए :

1. (A) - (I), (B) - (II), (C) - (IV), (D) - (III)
2. (A) - (I), (B) - (II), (C) - (III), (D) - (IV)
3. (A) - (II), (B) - (I), (C) - (III), (D) - (IV)
4. (A) - (II), (B) - (I), (C) - (IV), (D) - (III)

**Options :**
2268952590382. 1
2268952590383. 2
2268952590384. 3
2268952590385. 4

**Question Number : 613 Question Id : 226895668156 Question Type : MCQ Option Shuffling : No Display Question Number : Yes Is Question Mandatory : No**
**Correct Marks : 5 Wrong Marks : 1**

'चन्द्रबदन' शब्द में कौन सा समास है ?

1. बहुब्रीहि समास
2. कर्मधारय समास
3. तत्पुरुष समास
4. अव्ययीभाव समास

**Options :**
2268952590386. 1
2268952590387. 2
2268952590388. 3
2268952590389. 4

**Question Number : 614 Question Id : 226895668157 Question Type : MCQ Option Shuffling : No Display Question Number : Yes Is Question Mandatory : No**
**Correct Marks : 5 Wrong Marks : 1**

**सूची-I** को **सूची-II** से सुमेलित कीजिए :

| **सूची - I** | **सूची – II** |
|---|---|
| **मुहावरा** | **अर्थ** |
| (A) आँखें खुलना | (I) बहुत डर जाना |
| (B) खून सफेद हो जाना | (II) संतोष होना |
| (C) कान पकड़ना | (III) प्रतिज्ञा करना |
| (D) कलेजा ठंडा होना | (IV) सजग होना |

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही** उत्तर चुनिए

1. (A) - (I), (B) - (III), (C) - (IV), (D) - (II)
2. (A) - (IV), (B) - (III), (C) - (II), (D) - (I)
3. (A) - (III), (B) - (II), (C) - (IV), (D) - (I)
4. (A) - (IV), (B) - (I), (C) - (III), (D) - (II)

**Options :**
2268952590390. 1
2268952590391. 2
2268952590392. 3
2268952590393. 4

**Question Number : 615 Question Id : 226895668158 Question Type : MCQ Option Shuffling : No Display Question Number : Yes Is Question Mandatory : No**
**Correct Marks : 5 Wrong Marks : 1**

निम्नलिखित में से शब्दालंकार का भेद नहीं है -

(A) अनुप्रास

(B) श्लेष

(C) उपमा

(D) रूपक

(E) उत्प्रेक्षा

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही** उत्तर चुनें :

1. केवल (A), (B) और (D)
2. केवल (A), (B) और (C)
3. केवल (C), (D) और (E)
4. केवल (B), (C) और (D)

**Options :**
2268952590394. 1
2268952590395. 2
2268952590396. 3
2268952590397. 4

**Question Number : 616 Question Id : 226895668159 Question Type : MCQ Option Shuffling : No Display Question Number : Yes Is Question Mandatory : No**
**Correct Marks : 5 Wrong Marks : 1**

**सूची -I** को **सूची -II** से सुमेलित कीजिए :

| **सूची -I** | **सूची -II** |
|---|---|
| **रस** | **स्थायी भाव** |
| (A) रौद्र | (I) उत्साह |
| (B) वीर | (II) क्रोध |
| (C) भयानक | (III) जुगुप्सा |
| (D) वीभत्स | (IV) भय |

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही** उत्तर चुनिए :

1. (A) - (I), (B) - (II), (C) - (III), (D) - (IV)
2. (A) - (I), (B) - (III), (C) - (II), (D) - (IV)
3. (A) - (II), (B) - (I), (C) - (IV), (D) - (III)
4. (A) - (III), (B) - (IV), (C) - (I), (D) - (II)

**Options :**
2268952590398. 1
2268952590399. 2
2268952590400. 3
2268952590401. 4

**Question Number : 617 Question Id : 226895668160 Question Type : MCQ Option Shuffling : No Display Question Number : Yes Is Question Mandatory : No**
**Correct Marks : 5 Wrong Marks : 1**

'वीर तुम बढ़े चलो, धीर तुम बढ़े चलो।

सामने पहाड़ हो कि सिंह की दहाड़ हो।'

उपर्युक्त पंक्तियों में कौन सा रस है?

1. रौद्र रस
2. वीर रस
3. भयानक रस
4. अद्‌भुत रस

**Options :**
2268952590402. 1
2268952590403. 2
2268952590404. 3
2268952590405. 4

**Question Number : 618 Question Id : 226895668161 Question Type : MCQ Option Shuffling : No Display Question Number : Yes Is Question Mandatory : No**
**Correct Marks : 5 Wrong Marks : 1**

'अधिगम्य' का उचित विलोम शब्द है -

1. बोधगम्य
2. अनधिगम्य
3. प्रतिगम्य
4. अगम्य

**Options :**
2268952590406. 1
2268952590407. 2
2268952590408. 3

2268952590409. 4

**Question Number : 619 Question Id : 226895668162 Question Type : MCQ Option Shuffling : No Display Question Number : Yes Is Question Mandatory : No**
**Correct Marks : 5 Wrong Marks : 1**

निम्नलिखित में से 'आर्द्र' शब्द का उचित विलोम शब्द नहीं है -

1. शुष्क
2. अनार्द्र
3. सूखा
4. सजल

**Options :**
2268952590410. 1
2268952590411. 2
2268952590412. 3
2268952590413. 4

**Question Number : 620 Question Id : 226895668163 Question Type : MCQ Option Shuffling : No Display Question Number : Yes Is Question Mandatory : No**
**Correct Marks : 5 Wrong Marks : 1**

निम्नलिखित में से कौन सा शब्द तत्सम स्त्रीलिंग शब्द नहीं है -

1. शिक्षा
2. आयु
3. निमंत्रण
4. वस्तु

**Options :**
2268952590414. 1
2268952590415. 2
2268952590416. 3
2268952590417. 4

**Question Number : 621 Question Id : 226895668164 Question Type : MCQ Option Shuffling : No Display Question Number : Yes Is Question Mandatory : No**
**Correct Marks : 5 Wrong Marks : 1**

इनमें से एकवचन का उदाहरण है -

1. हरि तुम्हारे मामा हैं ।
2. श्याम और हरि के नाना आए हैं ।
3. यह साधुओं का समाज है ।
4. दयालु आए ।

**Options :**
2268952590418. 1
2268952590419. 2
2268952590420. 3
2268952590421. 4

**Question Number : 622 Question Id : 226895668165 Question Type : MCQ Option Shuffling : No Display Question Number : Yes Is Question Mandatory : No**
**Correct Marks : 5 Wrong Marks : 1**

इनमें से 'मुख' का पर्यायवाची शब्द नहीं है -

1. आनन
2. वदन
3. सकल
4. मुँह

**Options :**
2268952590422. 1
2268952590423. 2
2268952590424. 3
2268952590425. 4

**Question Number : 623 Question Id : 226895668166 Question Type : MCQ Option Shuffling : No Display Question Number : Yes Is Question Mandatory : No**
**Correct Marks : 5 Wrong Marks : 1**

निम्नलिखित में से कौन सा शब्द 'चोर' का पर्यायवाची है?

1. गर्हित
2. खनक
3. विचरणशील
4. शम्बर

**Options :**
2268952590426. 1
2268952590427. 2
2268952590428. 3
2268952590429. 4

**Question Number : 624 Question Id : 226895668167 Question Type : MCQ Option Shuffling : No Display Question Number : Yes Is Question Mandatory : No**
**Correct Marks : 5 Wrong Marks : 1**

'जिसकी पत्नी साथ नहीं हो' वाक्यांश के लिए उचित एक शब्द है -

1. विपत्नीक
2. वियोगी
3. विधुर
4. एकाकी

**Options :**
2268952590430. 1
2268952590431. 2
2268952590432. 3
2268952590433. 4

**Question Number : 625 Question Id : 226895668168 Question Type : MCQ Option Shuffling : No Display Question Number : Yes Is Question Mandatory : No**
**Correct Marks : 5 Wrong Marks : 1**

'मधुकरी' शब्द इनमें से किस वाक्यांश के लिए प्रयुक्त होता है ?

1. जो मधु से उत्पन्न हुआ हो।
2. जिसे मन पवित्र मानता हो।
3. केवल वर्षा पर निर्भर।
4. पके हुए अन्न की भिक्षा।

**Options :**
2268952590434. 1
2268952590435. 2
2268952590436. 3
2268952590437. 4

**Question Number : 626 Question Id : 226895668169 Question Type : MCQ Option Shuffling : No Display Question Number : Yes Is Question Mandatory : No**
**Correct Marks : 5 Wrong Marks : 1**

इनमें से कौन सा शब्द 'पक्ष' का एक अर्थ प्रकट नहीं करता है?

1. पंख
2. दल
3. कान
4. पखवाड़ा

**Options :**
2268952590438. 1
2268952590439. 2
2268952590440. 3
2268952590441. 4

**Question Number : 627 Question Id : 226895668170 Question Type : MCQ Option Shuffling : No Display Question Number : Yes Is Question Mandatory : No**
**Correct Marks : 5 Wrong Marks : 1**

'अश्व' शब्द का समानार्थी नहीं है –

1. मृगराज
2. घोड़ा
3. तुरंग
4. घोटक

**Options :**
2268952590442. 1
2268952590443. 2
2268952590444. 3
2268952590445. 4

**Question Number : 628 Question Id : 226895668171 Question Type : MCQ Option Shuffling : No Display Question Number : Yes Is Question Mandatory : No**
**Correct Marks : 5 Wrong Marks : 1**

अलंकार के निम्नलिखित उदाहरणों को अनुप्रास, उपमा, रूपक और श्लेष के क्रम में व्यवस्थित कीजिए-

(A) तरनि तनूजा तट तमाल तरुवर बहु छाए ।

(B) रहिमन पानी राखिए, बिन पानी सब सून। पानी गए न ऊबरे, मोती, मानुस चून ।।

(C) सिन्धु सा विस्तृत और अथाह ।

(D) चरण-कमल बन्दौ हरिराई ।

नीचे दिए गए विकल्पों से **सही** उत्तर चुनिए –

1. (A), (C), (B), (D)
2. (A), (B), (C), (D)
3. (B), (A), (C), (D)
4. (A), (C), (D), (B)

**Options :**
2268952590446. 1
2268952590447. 2
2268952590448. 3
2268952590449. 4

**Question Number : 629 Question Id : 226895668172 Question Type : MCQ Option Shuffling : No Display Question Number : Yes Is Question Mandatory : No**
**Correct Marks : 5 Wrong Marks : 1**

**सूची -I** को **सूची -II** से सुमेलित कीजिए :

| **सूची - I** | **सूची – II** |
|---|---|
| **लेखक** | **रचना** |
| (A) जयशंकर प्रसाद | (I) यामा |
| (B) सुमित्रानंदन पंत | (II) राम की शक्ति पूजा |
| (C) महादेवी वर्मा | (III) कामायनी |
| (D) सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला | (IV) उच्छवास |

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही** उत्तर चुनिए

1. (A) – (II), (B) – (III), (C) – (I), (D) – (IV)
2. (A) – (III), (B) – (II), (C) – (IV), (D) - (I)
3. (A) – (III), (B) – (IV), (C) – (I), (D) - (II)
4. (A) – (I), (B) – (III), (C) – (II), (D) - (IV)

**Options :**
2268952590450. 1
2268952590451. 2
2268952590452. 3
2268952590453. 4

**Question Number : 630 Question Id : 226895668173 Question Type : MCQ Option Shuffling : No Display Question Number : Yes Is Question Mandatory : No**
**Correct Marks : 5 Wrong Marks : 1**

'पृथ्वी' शब्द का समानार्थी नहीं है –

1. धरित्री
2. अर्णव
3. वसुधा
4. इला

**Options :**
2268952590454. 1
2268952590455. 2
2268952590456. 3
2268952590457. 4

**Question Number : 631 Question Id : 226895668174 Question Type : MCQ Option Shuffling : No Display Question Number : Yes Is Question Mandatory : No**
**Correct Marks : 5 Wrong Marks : 1**

व्युत्पत्ति की दृष्टि से निम्नलिखित शब्दों को तत्सम, तद्भव, देशज और विदेशी के क्रम में व्यवस्थित कीजिए -

(A) कटोरा

(B) कर्पूर

(C) गदहा

(D) स्टेशन

नीचे दिए गए विकल्पों से **सही** उत्तर चुनिए –

1. (D), (A), (B), (C)
2. (A), (B), (C), (D)
3. (B), (C), (A), (D)
4. (C), (A), (B), (D)

**Options :**
2268952590458. 1
2268952590459. 2
2268952590460. 3
2268952590461. 4

**Question Number : 632 Question Id : 226895668175 Question Type : MCQ Option Shuffling : No Display Question Number : Yes Is Question Mandatory : No**
**Correct Marks : 5 Wrong Marks : 1**

जन्मवर्ष के अनुसार निम्नलिखित रचनाकारों को पहले से बाद के क्रम में व्यवस्थित कीजिए -

(A) कबीरदास

(B) तुलसीदास

(C) केशवदास

(D) सूरदास

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही** उत्तर चुनें :

1. (A), (B), (C), (D)
2. (A), (D), (B), (C)
3. (B), (A), (D), (C)
4. (C), (B), (D), (A)

**Options :**
2268952590462. 1
2268952590463. 2
2268952590464. 3
2268952590465. 4

**Question Number : 633 Question Id : 226895668176 Question Type : MCQ Option Shuffling : No Display Question Number : Yes Is Question Mandatory : No**
**Correct Marks : 5 Wrong Marks : 1**

हिंदी के निम्नलिखित उपन्यासों को उनके प्रकाशन वर्ष के अनुरूप पहले से बाद के क्रम में व्यवस्थित कीजिये -

(A) परीक्षा गुरु

(B) गोदान

(C) चंद्रकांता

(D) राग दरबारी

(E) मैला आँचल

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही** उत्तर चुनें :

1. (A), (B), (C), (D), (E)
2. (A), (C), (B), (E), (D)
3. (A), (B), (D), (C), (E)
4. (C), (B), (A), (E), (D)

**Options :**
2268952590466. 1
2268952590467. 2
2268952590468. 3
2268952590469. 4

**Question Number : 634 Question Id : 226895668177 Question Type : MCQ Option Shuffling : No Display Question Number : Yes Is Question Mandatory : No**
**Correct Marks : 5 Wrong Marks : 1**

सरकारी /कार्यालयी पत्रव्यवहार हेतु पत्र लिखते समय निम्नलिखित बिन्दुओं का उचित (पहले से बाद का) क्रम होगा -

(A) विषय

(B) पत्रांक

(C) स्वनिर्देश

(D) संबोधन

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही** उत्तर चुनें :

1. (A), (B), (C), (D)
2. (A), (C), (B), (D)
3. (B), (A), (D), (C)
4. (C), (B), (D), (A)

**Options :**
2268952590470. 1
2268952590471. 2
2268952590472. 3
2268952590473. 4

**Question Number : 635 Question Id : 226895668178 Question Type : MCQ Option Shuffling : No Display Question Number : Yes Is Question Mandatory : No**
**Correct Marks : 5 Wrong Marks : 1**

निम्नलिखित में से कार्यालयी पत्र-व्यवहार का उदाहरण नहीं है -

1. परिपत्र
2. प्रेस विज्ञप्ति
3. अधिसूचना
4. परिचय पत्र

**Options :**
2268952590474. 1
2268952590475. 2
2268952590476. 3
2268952590477. 4